दैनिक भास्कर 07/12/2022

# जीएमएन के छात्रों ने करनाल एनडीआरआई में की विजिट



**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज के प्रबंधन विभाग की ओर से इंडस्ट्रियल विजिट का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल डॉ. वीके जैन के निर्देशानुसार डॉ. भारती विज व डॉ. अमिता के नेतृत्व में राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल (एनडीआरआई) में इंडस्ट्रियल विजिट की गई जिसमें 46 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ. भारती विज ने बताया कि विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान करनाल में होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से समझा। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राजकुमार ने विद्यार्थियों को प्रोडक्शन यूनिट दिखाई जिसमें दिखाया गया कि गाय के दूध की प्रोसेसिंग कैसे की जाती है तथा उससे खोया, बर्फी, पनीर आदि कैसे तैयार किए जाते हैं।